भारत सरकार **राज्य सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं0 1874**

<u>दिनांक 29 अगस्त, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

व्यापार घाटा

1874. श्री अनिल माधव दवे :

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अप्रैल, 2011 से फरवरी, 2012 तक भारत के व्यापार घाटे का ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा व्यापार घाटे को कम करने के लिए क्या उपाय अपनाए जाते हैं ?

उत्तर

<u>वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा.सिंधिया)</u>

(क) : अप्रैल, 2011 से फरवरी, 2012 के दौरान भारत का व्यापार घाटा 168 बिलियन अमरीकी डालर है ।

(ख) : निर्यात क्षेत्रों के कार्यनिष्पादन को बढ़ाने तथा व्यापार घाटे को कम करने के लिए सरकार नियमित अन्तरालों पर निर्यात क्षेत्रों के कार्यनिष्पादन की समीक्षा करती है तथा निर्यात बढ़ाने के लिए जरूरत पड़ने पर प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु उपचारी उपाय करती है । विदेश व्यापार नीति की स्कीमों जैसे फोकस उत्पाद स्कीम, फोकस मार्केट स्कीम और विशेष कृषि एवं ग्राम उद्योग योजना के तहत ड्यूटी क्रेडिट स्क्रिप के रूप में प्रोत्साहन दिए जाते हैं । इन स्कीमों के ब्यौरे विदेश व्यापार महानिदेशालय की वेबसाइट www.dgft.gov.in पर दिए गए हैं ।